झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा — द्वितीय (बजट) सत्र

संख्या-04 — बुधवार, दिनांक-04 मार्च, 2020 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 3.48 बजे अप० तक।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

माननीय सदस्य, श्री अनन्त कुमार ओझा ने अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही उनका ध्यानाकृष्ट करते हुए कहा कि प्रतिपक्ष के सदस्यों द्वारा माननीय सदस्य, श्री बाबूलाल मराण्डी जी को नेता, प्रतिपक्ष की मान्यता प्रदान किये जाने के निमित्त लिखित आग्रह किया गया है क्योंकि अब तक उन्हें मान्यता नहीं दिये जाने से बिना नेता के विपक्ष को कठिनाई हो रही है।

1. कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना:-

माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा नागरिकता कानून के विरूद्ध दिये गये कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना को आसन की अनुमति से पढ़ी गयी, परन्तु प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं होने के कारण इसे अमान्य कर दिया।

(इस अवसर पर पूर्व की भाँति भारतीय जनता पार्टी के अधिकांशतः माननीय सदस्य पुनः सदन की वेल में आकर अपनी माँगों के समर्थन में नारेबाजी करने लगे।)

2. प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-10

(क) उत्तरित कुल-02,	अ० सू०-30 डॉ० लम्बोदर महतो,	स० वि० स०,
	अ० सू०-32 श्री प्रदीप यादव,	स० वि० स०।
(ख) अपृष्ठ मात्र-01,	अ० सू०-31 श्री ढुलू महतो,	स० वि० स०।
(ग) अनागत कुल-07,	अ० सू०-33 से अ० सू०-39 तक।	

(इस अवसर पर विपक्ष के माननीय सदस्यों द्वारा भारी शोरगुल एवं हंगामा जारी रखे जाने के कारण सदन अव्यवस्थित होने लगा जिसे देखते हुए सदन की कार्यवाही 11.20 बजे पूर्वा० से 12.00 बजे मध्या० तक के लिए स्थगित कर दी गयी और तारांकित प्रश्न नहीं लिये जा सके।)

(स्थगनोपरांत)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री बंधु तिर्की ने आसन से आग्रहपूर्वक अपनी जिज्ञासा जाहिर करते हुए कहा कि दिनांक-03.03.2020 को सदन में गतिरोध को लेकर भवदीय के कार्यालय कक्ष में सम्पन्न बैठक से सदन को अवगत कराने की कृपा की जाय। इसके अतिरिक्त आज के लिए सूचीबद्ध इनके प्रश्न का उत्तर विभाग द्वारा "कतिपय कारणों" जैसे शब्द के उपयोग किये जाने पर

क्र० पृ० उ०

गहरी आपत्ति जतायी। इस क्रम मे विपक्ष के माननीय सदस्यों द्वारा सदन में अमर्यादित तरीके से किये जा रहे विरोध के लिए उन्हें मार्शल आउट किये जाने का आग्रह माननीय सदस्य, डॉ॰ इरफान अंसारी ने आसन से किया।

(इस अवसर पर पूर्व की भाँति भारतीय जनता पार्टी के अधिकांशतः माननीय सदस्य स्लोगनयुक्त पोस्टर के साथ सदन की वेल मे आकर नारेबाजी करने लगे।)

3.शून्यकाल:-

आसन से पुकारे जाने के उपरांत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा शून्यकाल की सूचनायें पढ़ी गयी-

सुश्री अम्बा प्रसाद,
श्री. उमाशंकर अकेला,
श्री अमित कुमार यादव,
श्री विनोद कुमार सिंह,
श्री सोनाराम सिंकु,
श्री प्रदीप यादव,
डॉ॰ इरफान अंसारी,
श्री भूषण बाड़ा,
श्री भूषण तिर्की,
श्री समीर कुमार महांती एवं
श्री कुशवाहा शशि भूषण मेहता।

4.ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें:-

आज के लिए सूचीबद्ध ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनाओं से सम्बन्धित क्रमशः माननीय सदस्यों को आसन द्वारा पुकारा जाने लगा, परन्तु सदन में विपक्ष के माननीय सदस्यों द्वारा भारी अव्यवस्था और शोरगुल करते हुए नारेबाजी किये जाते रहने के कारण सूचनायें नहीं ली जा सकीं। इसपर आसन द्वारा भारी नाराजगी जताते हुए कहा गया कि जो माननीय सदस्य सदन में उपस्थित होते हुए भी अपनी-अपनी सूचनायें नहीं पढ़ रहे है उन सूचनाओं को **Carry forward** किये जाने में सभा सचिवालय को कठिनाई होगी।

अतएव अव्यवस्था के माहौल को देखते हुए सदन की कार्यवाही 12.22 बजे अप॰ से 02.00 बजे अप॰ तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

(स्थगनोपरांत)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

5.वित्तीय कार्य:-

वित्तीय वर्ष-2020-2021 के आय-व्ययक पर दिनांक- 04 एवं 05 मार्च, 2020 को होने वाले वाद-विवाद के निमित्त सत्ता पक्ष-विपक्ष एवं अन्य दलों के लिए समय आवंटन की घोषणा आसन से की गई।

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री मनीष जायसवाल ने हजारीबाग सदर अस्पताल में समुचित ईलाज के अभाव में दिनांक-03 एवं 04 मार्च, 2020 को दो महिला मरीजों की हुई मृत्यु से आसन को अवगत कराते हुए जाँच का आग्रह किया गया। आसन द्वारा प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य को संज्ञान में लिये जाने हेतु निदेश दिया गया।)

क्र॰पृ॰उ॰

आय-व्ययक मे भाग लेने हेतु पुकारे जाने पर प्रतिपक्ष के माननीय सदस्य, श्री अमर कुमार बाउरी द्वारा चर्चा प्रारम्भ की गयी तत्पश्चात् निम्नांकित माननीय सदस्यों ने बारी-बारी से वक्तव्य दिया-

श्री प्रदीप यादव,
(इस अवसर पर विपक्ष द्वारा सदन का बहिष्कार किया गया।)
श्री लम्बोदर महतो,
श्री दीपक बिरूवा,
डॉ० इरफान अंसारी,
श्री विनोद कुमार सिंह,
श्री अमित कुमार यादव एवं
श्री बंधु तिर्की। तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही गुरुवार, दिनांक-05.03.2020 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

महेन्द्र प्रसाद,
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

राँची,
दिनांक- 04 मार्च, 2020ई०।